# राष्ट्रीय सेवा योजना
## जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

पता- शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला- बलिया, उ. प्र., पिन कोड- 277001

मोबाईल फोन नम्बर- 9452400911 ई-मेल- nssjncu@gmail.com , kksinghd@gmail.com


**पत्रांक- जे.एन.सी.यू./एन.एस.एस./60/2024-25** **दिनांक- 15/09/2024**

**सेवा में,**

**समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,**

राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय,

सम्बद्ध- जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।

**विषय- दिनांक 17.09.2024 से 01.10.2024 तक 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' तथा दिनांक 02.10.2024 को स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में।**

**महोदय/ महोदया,**

उपरोक्त विषयक भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (यू.पी.,यू.के.), लखनऊ के पत्र संख्या- 15-1/रा.से.यो./क्षे.नि./लख/2024-25/4087- 4158 दिनांक 11 सितम्बर, 2024 के निर्देशानुसार दिनांक 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर, 2024 तक **"स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता"** विषय पर आधारित **स्वच्छता ही सेवा अभियान** तथा दिनांक 2 अक्टूबर, 2024 को **स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम** का **आयोजन** किया जाना है, जिसके अंतर्गत निम्न गतिविधियां संचालित की जा सकती हैं -

I. एनएसएस स्वयंसेवक संस्थागत परिसरों और गोद लिए गए गांवों में स्वच्छता सफाई गतिविधियां करेंगे।

II. एकल उपयोग प्लास्टिक के संग्रह और निपटान के लिए विशेष अभियान।

III. पारंपरिक जल निकायों और तटीय क्षेत्रों में सफाई अभियान।

IV. बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, बाजार स्थान, कचरा डंप, नाले, विरासत स्थलों, धार्मिक स्थानों, अमृत सरोवर सार्वजनिक उद्यान, शहीद स्थलों आदि जैसे सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता श्रमदान के माध्यम से सफाई गतिविधियों का आयोजन।

V. My Bharat पोर्टल पर इवेंट निर्माण और साफ - सफाई बनाए रखने पर सोशल मीडिया जागरूकता अभियान।

VI. रा.से.यो. सात दिवसीय विशेष शिविर/ एक दिवसीय नियमित गतिविधि शिविर के दौरान, स्वयंसेवक गोद लिए गए गांवों में स्वच्छता सफाई अभियान, स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव और स्कूलों एवं जल निकायों जैसे सार्वजनिक स्थानों को साफ कर सकते हैं। उन्हें स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता रैलियां और स्ट्रीट थिएटर (नुक्कड़ नाटक इत्यादि) भी आयोजित करना चाहिए।

2. अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 17 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2024 तक **"स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता"** विषय पर आधारित **स्वच्छता ही सेवा अभियान** तथा दिनांक 2

15/09/2024

Scanned with OKEN Scanner

अक्टूबर, 2024 को **स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम के आयोजन** को सफल बनाने के लिए आप अपने महाविद्यालय की रासेयो इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों को आदेशित करने का कष्ट करें कि **वह अधिक से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम आयोजित करायें तथा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम/गतिविधियों की दिन-प्रतिदिन की एक पृष्ठ की रिपोर्ट, फोटोग्राफ्स एवं डाटा विवरण (जिसके लिए आपको अलग से Excel sheet भेजी जाएगी) सहित ई-मेल एवं व्हाट्सएप के माध्यम से इस कार्यालय को प्रतिदिन अपराह्न 02.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें। साथ ही संपन्न गतिविधियों को My Bharat Portal पर कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से अपलोड (Event Create) अवश्य करायें।**

संलग्नक- उक्तवत (**बैनर का प्रारूप** अंतिम पृष्ठ पर संलग्न है, प्रत्येक संस्थान को अपनी संस्था के नाम से बैनर बनवाना अनिवार्य है)।

भवदीय

कृ॰ सिंह 15/09/2024

डॉ. (कृष्ण कुमार सिंह),

कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. निजी सचिव, कुलपति जी को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
3. कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
4. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश शासन।
5. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड), लखनऊ।
6. वेबसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने एवं कालेज लॉगिन में प्रेषित करने के लिये।
7. सम्बन्धित पत्रावली।

भवदीय

कृ॰ सिंह 15/09/2024

डॉ. (कृष्ण कुमार सिंह),

कार्यक्रम समन्वयक

Scanned with OKEN Scanner

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय

युवा कार्यक्रम विभाग

राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (यू.पी.-यू.के.), लखनऊ

सं0- 15-1/रा.से.यो./क्षे.नि./लख/2024-25/4087-4158 दिनांक: सितम्बर 11, 2024

सेवा में,

**समस्त कार्यक्रम समन्वयक,**
राष्ट्रीय सेवा योजना
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड

**विषय :** **दिनांक 17.09.2024 से 01.10.2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा दिनांक 02.10.2024 को स्वच्छ भारत दिवस संबंधी।**

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषयान्तर्गत भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, रा.से.यो. निदेशालय, नई दिल्ली से प्राप्त पत्र सं. P.24-1/NSS/DTE/2024/1949-2002 दिनांक 10 सितम्बर, 2024 (संलग्न) के निर्देशानुसार दिनांक 17 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2024 तक **"स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता"** विषय पर आधारित स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा दिनांक 2 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसके अन्तर्गत निम्न गतिविधियां संचालित की जा सकती हैं।

- एनएसएस स्वयंसेवक संस्थागत परिसरों और गोद लिए गए गांवों में स्वच्छता सफाई गतिविधियां करेंगे।
- एकल उपयोग प्लास्टिक के संग्रह और निपटान के लिए विशेष अभियान।
- पारंपरिक जल निकायों और तटीय क्षेत्रों में सफाई अभियान।
- बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार स्थान, कचरा डंप, नाले, विरासत स्थलों, धार्मिक स्थानों, अमृत सरोवर, सार्वजनिक उद्यान, शहीद स्थलों आदि जैसे सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता श्रमदान के माध्यम से सफाई गतिविधियां।
- MY Bharat पोर्टल पर इवेंट निर्माण और साफ-सफाई बनाए रखने पर सोशल मीडिया जागरूकता अभियान।
- रा.से.यो. 7-दिवसीय विशेष शिविर/1-दिवसीय नियमित गतिविधि शिविर के दौरान, स्वयंसेवक गोद लिए गए गांवों में स्वच्छता सफाई अभियान, स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव और स्कूलों और जल निकायों जैसे सार्वजनिक स्थानों को साफ कर सकते हैं। उन्हें स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता रैलियां और स्ट्रीट थिएटर भी आयोजित करना चाहिए।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त अभियान को सफल बनाने हेतु अपने समस्त जिलों के समस्त रा.से.यो. इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों को अवगत कराने की कृपा करें कि वह अधिक से अधिक रा.से.यो. स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम आयोजित कराएं तथा **आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम/गतिविधियों की दिन-प्रतिदिन की एक पृष्ठ की रिपोर्ट फोटोग्राफ्स एवं डाटा विवरण सहित (जिसके लिए आपको अलग से Excel Sheet भेजी जाएगी) ईमेल एवं वाह्टसेप के माध्यम से इस कार्यालय को प्रतिदिन सायं 03:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें** साथ ही सम्पन्न गतिविधियों को My Bharat Portal पर कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से अपलोड (Event Create ) अवश्य कराएं।

भवदीय

(समर दीप सक्सेना)
**युवा अधिकारी**

**संलग्नक:** उक्तवत्

**प्रतिलिपि:-**

1. निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, रा.से.यो. निदेशालय, नई दिल्ली ।
2. राज्य रा.से.यो. अधिकारी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि वह अपने स्तर से भी रा.से.यो. कार्यक्रम समन्वयकों को निदेशित करने का कष्ट करें तथा अपने राज्य में अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित करवाने की कृपा करें।

Scanned with OKEN Scanner

बैनर प्रारूप

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर



# स्वच्छता ही सेवा 2024

17 सितम्बर – 2 अक्टूबर 2024

## स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

**भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय,**
**राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय,**
**उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड, लखनऊ**

Scanned with OKEN Scanner